जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा
www.dainikjagranmpcg.com
राहतगढ़ • खुरई • पथरिया • सिलवानी • गैरतगंज • गंजबासौदा • सिरोंज • बीना • शमशाबाद
भोपाल 29 सितंबर 2025

### वार्ड में कुत्तों की मौजूदगी से दहशत में लोग, आप ने की डॉग लवर्स पर कार्यवाही की मांग

# कहां हैं डॉग लवर्स! मढ़िया विट्ठल नगर में बच्चों समेत पांच लोगों पर किया हमला

**जागरण, सागर।** शहर के मढ़िया विट्ठल नगर वार्ड में कुत्तों के हमले ने लोगों की नींद हराम कर दी है। यहां बीते दिवस आवारा कुत्तों ने हमला करते हुए बच्चों समेत पांच लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। लोगों का कहना है कि कहां हैं वे डॉग लवर्स जो शहर में इन कुत्तों को पकड़ने का विरोध कर रहे हैं। इस संबंध में आम आदमी पार्टी ने भी कार्यवाही की मांग की है।

वैसे तो शहर के साथ उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया में आवारा कुत्तों की बड़ी संख्या लोगों को परेशान कर रही है लेकिन शहर के विठ्ठल नगर वार्ड में आवारा कुत्तों की दहशत जैसे चरम पर पहुंच गई है। बीते दिनों हुई कुछ घटनाओं के बाद रविवार को एक बार फिर एक पागल कुत्ते का कहर यहां के लोगों पर टूटा। जानकारी के अनुसार कुत्ते ने बच्चे समेत चार लोगों पर ऐसा हमला किया कि उन्हें अस्पताल पहुंचाना पड़ा। आलम यह हो गया है कि लोगों को हाथ में लाठी लेकर अपनी रक्षा करनी पड़ रही है। लोगों में आक्रोश इस बात को लेकर भी है कि निगम आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा है।

आम आदमी पार्टी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत राज ने बताया कि विठ्ठल नगर वार्ड में रविवार की सुबह से एक आवारा पागल कुत्ते की दहशत देखने को मिली। वार्ड के करीब चार व्यक्तियों को आवारा कुत्ते द्वारा काटकर घायल कर दिया। इसमें कुछ छोटे बच्चे भी शामिल हैं। वार्ड में रहने वाले हर्ष जाटव, शिवांश, रवि अहिरवार आदि को कुत्ते ने बुरी तरह घायल कर



दिया आप नेता राज ने कलेक्टर को पत्र लिखकर नगर निगम आयुक्त, मकरोनिया सीएमओए और डॉग लवर्स पर कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व मुझे भी मकरोनिया के दीनदयाल नगर कॉलोनी गणेश पार्क के पास गया हुआ था तभी वहां पर आवारा कुत्ते ने कुत्ते ने काट लिया था। इस संबंध में सीएमओ मकरोनिया को शिकायत भी की लेकिन वहां भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। दरअसल, शहर में लगातार आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। शहर के प्रत्येक वार्ड के साथ उपनगर के भी वार्डों में दर्जनों कुत्तों के झुंड देखे जा रहे हैं जो अब बच्चों और बुजुर्गों को अपना निशाना बना रहे हैं। नगर निगम के अलावा मकरोनिया नगर पालिका द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही जिसके फलस्वरूप आवारा कुत्तों की आवादी बढ़ती जा रही है।

बता दें कि कुछ समय पहले ही आवारा कुत्तों का मुद्दा सुर्खियों में आया था। डॉग लवर्स विरोध जता रहे थे और मांग कर रहे थे कि आवारा कुत्तों को सुरक्षा दी जाए। मकरोनिया में कुछ दिन पहले ही जब नपा के अमले ने एक वार्ड से कुत्तों को पकड़ने की कार्यवाही की तो डॉग लवर्स के कारण मामला पुलिस थाना तक पहुंच गया था। इसके बाद ही नपा के अमले ने शायद यहां कोई कार्यवाही ही नहीं की। बहरहाल, कुत्तों की दहशत से अब लोगों का सवाल यही है कि इन्हें संरक्षण देने वाले डॉग प्रेमी कहां हैं। आखिर क्यों वे ऐसे कुत्तों को पकड़ने से रोकने के लिए अपनी मुहिम चला रहे हैं।

## आस्था व भक्तिभाव से निकाली विशाल चुनरी यात्रा




**जागरण, राहतगढ़।** ब्लॉक के ग्राम झिला से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल चुनरी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। चुनरी यात्रा ग्राम के मां बीजासेन मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए गाजेबाजे एवं अखाड़े के साथ बीना नदी मालाघाट नीलकंठ धाम किशनगढ़ जमनिया कचनोंदा कटीघाटी सोठिया लछनपुरा होते हुए जलंधर धाम पहुंची जहां मां ज्वाला देवी के चरणों में चुनरी अर्पित की। जिसमें जलंधर स्थित मां ज्वाला मंदिर पहुंचकर सभी प्रसाद ग्रहण कर घर को प्रस्थान करते हैं।

## ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**जागरण, राहतगढ़।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत संस्था प्राचार्य के निर्देशन में अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें 50 छात्राओं ने प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्रशिक्षण डॉ रेखा शुक्ला एवं कविता यादव ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ भरत पटेल, डॉ रितु व्यास, डॉ श्रीकांत रिंगे, डॉ प्रदीप यादव, संदीप जैन आशीष रैकवार डॉ अपर्णा दुबे डॉ शिरोमणि मिश्रा डॉ रश्मि जैन डॉ निधि नगाइच अनीता मालवीय दीपशिखा नेमा डॉ छोटूराम सेन अनिल अहिरवार एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## डॉ अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने पर निंदा की

**जागरण, राहतगढ़।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करहद में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त होने के बाद कांग्रेस नेता पंडित नीरज शर्मा ने ग्राम करहद पहुंचकर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सागर जिला प्रभारी घनश्याम सिंह सह प्रभारी मनोज कपूर एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र मोहासा से बात कर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की नवीन मूर्ति लगवाने की घोषणा की। इस दौरान नंदकिशोर भारती एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## यादव महासभा ने रज कलश यात्रा का किया स्वागत

**जागरण, राहतगढ़।** अखिल भारतीय यादव महासभा द्वारा अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर शहीदों की रज कलश लेकर पूरे देश में यात्रा का आयोजन किया गया है। पिछले 168 दिन से लगातार यात्रा चल रही है। यात्रा को तेलंगाना के किरण कुमार एवं मध्यप्रदेश यादव महासभा के



प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुंदेलखंड के मुख्यालय सागर एवं राहतगढ़ में यात्रा का आगमन हुआ। 18 नवंबर 1968 को रेजांगला में चीन से लड़ाई के समय 120 यादव वीरों ने शहादत दी थी और चीन के 3000 सैनिकों को मार गिराया था। रेजंगला कलश को सभी ने प्रणाम किया।

## शहीद भगत सिंह जयंती पर जनसंपर्क अभियान

**जागरण, सागर।** आम आदमी पार्टी ने रविवार को शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई। जिलाध्यक्ष इंजी डीके सिंह के नेतृत्व में जिला कार्यालय में भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया। हरिसिंह गौर वार्ड नंबर 1 सिविल लाइन में जिला उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र राजपूत एव प्रदीप जैन के नेतृत्व में शहर की जन समस्याओं को लेकर हर घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान में रामसेवक, हिरदेश पाटकर, पुष्पेन्द्र राजपूत, सुरेंद्र अहिरवार,आशुतोष कुर्मी, एस के खत्री, वीरेंद्र लोधी,प्रदीप जैन, शान भाई साहित वार्डवासी शामिल रहे।

## दशहरा मिलन समारोह 4 अक्टूबर को

**जागरण सागर।** क्षत्रिय समाज सागर की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 4 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 3 बजे होटल रायल पैलेस में दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस समारोह में सभी स्वजातीय बंधुओं को आमंत्रित किया गया है। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें क्षत्रिय कुल शिरोमणि वीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना के लिए सागर नगर निगम स्टेडियम के सामने स्थान चयन का प्रस्ताव एवं सागर नगर निगम द्वारा स्टेडियम का नाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप स्टेडियम करने के निर्णय का समाज ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। बैठक में क्षत्रिय समाज सागर के संयोजक कृष्णा सिंह महुआखेड़ा, कार्यवाहक अध्यक्ष हरिराम सिंह कैथोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, जैसीनगर जनपद अध्यक्ष



रामबाबू सिंह नयाखेड़ा, किसान मोर्चा अध्यक्ष धीरज सिंह औरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह सागोनी, संतोष सिंह, नीरज सिंह नयाखेड़ा, सनल सिंह, विक्रम सिंह, देशराज अन्नू, संदीप भापेल, रवि सिंह सहित समाज के कई अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## हनीट्रेप : तीन आरोपी गिरफ्तार, पहुंचाया जेल

### पुलिस टीम ने आरोपियों को सागर, ललितपुर और शाहगढ़ से पकड़ा

**जागरण, मालथौन।** हनीट्रेप कांड से जुड़े मोहित पटवा सुसाइड मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। लगातार दबाव और नेशनल हाईवे 44 पर हुए चक्काजाम के बाद प्रशासनिक आश्वासन के तहत मालथौन पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि मोहित पटवा ने हनीट्रेप की वजह से आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड से पहले उसने वीडियो बनाकर अपनी आपबीती साझा की थी, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को ग्रामीणों और परिजनों ने नेशनल हाईवे 44 पर चक्काजाम कर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस टीम ने फरार आरोपियों को सागर, ललितपुर और शाहगढ़ से गिरफ्तार किया है। मामले में एक महिला आरोपी है जिसका नाम सानिया



उर्फ सना खान है। वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में केयरटेकर है। दूसरा आरोपी अनीश खान निवासी बरोदियाकलां और एक अन्य महिला मालथौन निवासी है। एसडीओपी खुरई सुमित परते ने बताया कि तीनों आरोपियों पर बीएनएस की धारा 108, 3/5 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। मामले में थाना प्रभारी अशोक यादव, धनेंद्र यादव चौकी प्रभारी बरोदियाकलां, आरक्षक स्वदेश परिहार, हर्ष, महिला आरक्षक सुषमा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## न्यूज कार्नर

### शॉप कीपर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



**जागरण, दमोह।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आरसेटी दमोह द्वारा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से आयोजित दिव्यांगजनों के लिए आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसका मुख्य विषय शाप कीपर दुकानदार था। इस 6 दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें खुद का व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना था। समापन समारोह के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने प्रशिक्षण केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं के साथ चर्चा कीए उनके द्वारा सीखे गए कौशलों की सराहना की और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने दिव्यांगजनों के दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की और उन्हें अपने शाप कीपर उद्यमों को सफलतापूर्वक चलाने के लिए प्रेरित किया।

### आयुर्वेद औषधालय में चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**दमोह।** सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्र.37, आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 163 एवं श्रीराम पब्लिक स्कूल बालाकोट, आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 38 ग्राम भीलमपुर, आयुर्वेद औषधालय बालाकोट मे आयुर्वेद दिवस एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 39 ग्राम चौरई में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों का आयोजन शासकीय आयुर्वेद औषधालय बालाकोट द्वारा किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया शिविर में आने वाले बच्चों महिलाओं ग्रामीणों को निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं औषधियों के साथ-साथ मौसमी बीमारियों से बचाव एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दिये जाने के साथ ही आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति बिदौल्या द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

### दो संदिग्ध महिलाओं को पकड़ा, पूरा गिरोह सीसीटीवी कैमरों में कैद

# चण्डी जी मंदिर में जल चढ़ाते समय महिला का मंगलसूत्र किया चोरी

**जागरण हटा।** हटा उपकाशी में चण्डी जी मंदिर में सुबह जल चढ़ाने महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी का फायदा उठाकर कुछ आदतन अपराधी महिलाएं चेन खींचने मंदिरों के आसपास पहुंच रही हैं जिनमें से दो महिलाओं को मंगलसूत्र चोरी के आरोप में पकड़ लिया गया है और पुलिस थाने में लाकर पूछताछ जारी है। घटना के संबंध के अरुण असाटी ने बताया कि उनकी पत्नी और बिटिया प्रतिदिन की भांति सुबह 7 बजे मंदिर जल चढ़ाने पहुंच गए। माता जी के ठीक सामने जल चढ़ाने के दौरान ही दो आजू-बाजू खड़ी महिलाओं ने उसके दोनों पैरों पर पैर रखे तो उन्होनें डपट कर कहा कि ठीक से खड़ी हो। इसी बातचीत में उनका मंगलसूत्र निकल गया। उन्होंने जैसे ही इन महिलाओं को कहा कि आपने मंगलसूत्र निकाला तो बात करते-करते एक महिला तेजी से आगे बड़ी और एक सफेद साड़ी पहने महिला को कुछ दिया और सफेद साड़ी वाली महिला भीड़ में आगे बढ़ गई। मेरी पत्नी ओर बिटिया ने दोनों महिलाओं को रोक लिया। इसी बीच डयूटी पर उपस्थित महिला आरक्षक भी आ गई और दोनों संदिग्ध महिलाओं को थाना लेकर आ गए जहां पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों ने अपने आपको बेकसूर तो बताया किन्तु निवास का सही पता नहीं बता पाई।




इसी बीच टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने भी दोनो महिलाओं से पूछताछ की और जानकारी प्राप्त की। बताया कि यह 7 महिलाएं यूपी से हटा पहुंची है और विभिन्न मंदिरों में चोरी के उद्देश्य से सक्रिय रही। मंदिर के आसपास मुख्य मार्ग के कुछ कैमरों में तीन अन्य महिलाएं भी भागती हुई कैद हुई है। उनकी शिनाख्ती कराई जा रही है। उपनिरीक्षक सौरभ शर्मा ने डेटा रिकॉर्ड किया है और महिलाओं की कुछ संख्या पता ठिकाना मालूम किया जा रहा है। महिलाएं उत्तरप्रदेश के जौनपुर की बताई जा रही है।

फरियादी ऋचा असाटी की रिपोर्ट पर शाम 5 बजे प्राथमिकी दर्ज कर महिलाओं से सख्ती से पूछताछ की जा रही है ताकि चोरी हुए मंगलसूत्र की जप्ती की जा सके।

### आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक

**दमोह।** संचार प्रतिनिधियों के लिये स्वास्थ्य बीमा एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है। सभी पत्रकार साथियों से आग्रह है कि समय पर आवेदन कर योजना का लाभ लें। विस्तृत जानकारी जनसंपर्क विभाग की वेबसाइट उचपदविण्वतह पर देखी जा सकती है। केंद्र सरकार ने जीएसटी रिफॉर्म्स के तहत व्यक्तिगत जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी शून्य कर दिया है। समूह बीमा योजनाओं पर जीएसटी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

### लक्ष्मण कुटी में चल रहा अखण्ड रामायण पाठ

**दमोह।** विगत माह से लक्ष्मण कुटी धाम सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में गणेश चतुर्थी से निरंतर अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन ग्राम के साभी भक्तों के सहयोग से निरंतर चल रहा है। भक्त अपनी श्रद्धा भाव से तन मन धन से निरंतर सहयोग प्रदान कर आयोजक मण्डल में चांदौरा पंचायत सरपंच देवकी पटैल अपने अन्य सहयोगी के साथ निरंतर सहयोग प्रदान कर रहे जिससे क्षेत्र में धर्ममय माहौल व्याप्त है। हरि इच्छा तक अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन चल रहा है।

## कैलाश विजयवर्गीय के बयान के खिलाफ कांग्रेस ने जताया विरोध




**जागरण दमोह।** मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गी द्वारा राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी पर की गई टिप्पणी का कांग्रेस ने विरोध करते हुए महिलाओं का अपमान बताया। दमोह जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर कैलाश विजयवर्गी के बयान की निंदा करते हुए कैलाश विजयवर्गीय से माफी मांगने की मांग की है। दमोह प्रभारी ज्योति पटेल ने भी कैलाश विजयवर्गीय के बयान को महिलाओं का अपमान बताते हुए इस बयान को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा है कि वह हमेशा ही महिलाओं के खिलाफ बयान देने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने में प्रदेश सरकार नाकाम है। उसके बाद भाई-बहन जैसे पवित्र रिश्ते पर कैलाश विजयवर्गीय का बयान शर्मनाक है। वह शीघ्र ही अपने बयान को वापस लेकर माफी नहीं मांगते हैं तो कांग्रेस प्रदेश भर में कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।

इस अवसर पर कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। जिसमें कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष संजय चौरसिया, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रजनी ठाकुर, कमल निषाद, मंजीत यादव आदि अनेक कार्यकर्ता कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया।

# बड़ी देवी में हुआ विशाल कन्या भोज

**जागरण हटा।** बड़ी देवी माता मंदिर में नवरात्रि पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में प्रतिवर्ष अनुसार बुंदेलखण्ड नवनिर्माण संगठन द्वारा विशाल कन्या भोजन का आयोजन 28 सितंबर रविवार को किया गया। कन्याभोज सुबह 7 बजे से प्रारंभ हुआ जो दोपहर 2 बजे तक चलता रहा। जिसमें दमोह नगर के संपूर्ण वार्डो से बडी संख्या मे कन्याओं का आगमन हुआ जिन्हे भोज कराया गया और जिन कन्याओं ने व्रत रखा हुआ था उन्हे फलाहार कराया गया। उनके पश्चात् मॉ के भक्तों को भी प्रसाद के रूप में भोज कराया गया। संगठन के नगर अध्यक्ष राजकुमार रैकवार ने बताया कि हम सभी द्वारा यह कार्यक्रम विगत 14 वर्षो से निरंतर कराया जा रहा है और मातारानी की कृपा के आगे भी आयोजित होते रहेंगे।

संगठन के विकास सोनी ने बताया कि हमारे संगठन की नीब जब से रखी गई थी तब से आज तक दमोह जिले में



समाजहित के कार्यो को कराया है हमारे संगठन का मुख्य उदेश्य है कि धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना और वहीं हम लोग करते आ रहे हैं और आगे भी करेंगे।

निर्मल राठौर ने बताया कि नवरात्र में मां की उपसना का फल कन्याभोज से मिलता है। यही हमारे मां जगत जननी की सच्ची भक्ती होती है। हमारे धर्म शास्त्रों में भी इसका उल्लेख है। कार्यक्रम में अनुराग गौतम, शीतल रजक, रामदीन पटैल, निर्मल राठौर, दिलीप राय, देवेश तिवारी, रतन यादव, नरेन्द्र रजक, धनीराम राठौर, संदीप राजपूत, लेखू रजक, आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

### बेलाताल टापू मंदिर में हुआ कन्याभोज

**दमोह।** शिव सांई मंदिर बेलाताल टापू पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छोटी-छोटी कन्याओं के पैर पखारे गए, उनका हल्दी कुमकुम से तिलक किया गया, चुनरी उड़ाई गई। मंदिर पुजारी कमलेश्वरानंद महाराज ने बताया की नवरात्र में कन्याभोज करने से मातारानी की कृपा होती है एवं मां सब कष्टों का हरण करती हैं। शारदीय नवरात्रि में मां की आराधना चल रही है। मंदिर में विराजमान जगत जननी मां जगदंबा के अखंड ज्योति जल रही है। इस वर्ष जवारे भी रखे गए हैं। प्रतिदिन सुबह से श्रद्धालु लोग मां को जल अर्पण करने के लिए आती है। यह संपूर्ण आयोजन शिव साई सेवा भाव परिवार के सदस्यों द्वारा आयोजित किया जाता है।

# मन की बात के 126वें संस्करण को दीनदयाल नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सुना



**जागरण दमोह।** भाजपा दीनदयाल नगर मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 126वें संस्करण का आयोजन मंडल के सभी बूथ केंद्रों पर किया गया। इस अवसर पर सांसद राहुल सह लोधी ने मंडल अंतर्गत बूथ क्रमांक 129 एवं 130 पर उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम को सुना और संवाद किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटैल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, नरेन्द्र बजाज, श्रीमती नर्मदा एकता सिंह, श्रीमती संगीता श्रीधर, जिला मंत्री भरत यादव, आलोक मुखरैया, राजुल चौराहा, सुरजीत सिंह, गौरव चौराहा, धर्मेन्द्र सिंह, बिहारी पटेल सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### प्रधानमंत्री के विचार हमेशा देश की प्रगति और सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित करते हैं : पटेल

**दमोह।** दमोह की पर्यटन धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 126 वें संस्करण संदेश को पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने सुना। राज्य मंत्री पटेल ने कहा प्रधानमंत्री के विचार हमेशा देश की प्रगति और सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित करते हैं। विधायक जयंत मलैया विशेष रूप से मौजूद थे। राज्यमंत्री पटेल ने कहा आज के संबोधन में प्रधानमंत्री ने त्योहारों को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने का आग्रह किया। जो निश्चित रूप से श्वोकल फॉर लोकल के मंत्र को बढ़ावा देगा और हमें आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकजन और कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होकर हमने उनके विचारों को सुना और आत्मसात किया। उन्होंने कहा मन की बात कार्यक्रम न केवल हमें देश की प्रगति से अवगत कराता है बल्कि हमें अपने दैनिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी प्रेरित करता है। इस अवसर गणमान्य नागरिक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जोधपुर-भोपाल एवं इंटरसिटी के स्टापेज के लिए सौंपा मांग पत्र



**बीना जागरण।** ग्राम सेमरखेड़ी के निवासियों ने पश्चिम मध्य रेल मंडल प्रबंधक के नाम सेमरखेड़ी स्टेशन अधीक्षक को एक मांग पत्र सौंपकर ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की है। जिसमें भोपाल-जोधपुर, भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी एवं साबरमती एक्सप्रेस शामिल हैं। मांग पत्र में कहा गया है कि भोपाल-जोधपुर जो कि दोनों तरफ चलती है। इस ट्रेन का कोराना काल से पहले सेमरखेड़ी स्टेशन पर स्टॉपेज होता था। लेकिन कोरानाकाल के समय ट्रेन को बंद कर दिया गया था। जिसके बाद से आज तक यह ट्रेन का सेमरखेड़ी स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं किया गया है। जिससे ग्राम के लोगों को भोपाल जाने के लिये 8 किमी दूर बीना जंक्शन आना पड़ता है जिस कारण उन्हें काफी परेशानी होती है। मांग पत्र में कहा है कि ग्राम से सटे दर्जनों ग्राम के लोग आये दिन भोपाल की यात्रा करते हैं। मांग पत्र में भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी एवं साबरमती एक्सप्रेस के स्टापेज की मांग की है। विद्यार्थी, दैनिक यात्री, व्यापारी, चिकित्सा सहित प्रशासनिक कार्य हेतु ग्रामीणों का आना जाना होता है। इसके साथ ही त्यौहार के समय, शादी समारोह एवं परीक्षाओं के समय विद्यार्थियों को बीना स्टेशन जाना पड़ता है जो कि सेमरखेड़ी से लगभग 8 किमी दूर है। इसके साथ ही कुछ लोगों को अधिक जरूरी कार्य होने पर निजी वाहन किराये पर लेकर भोपाल की यात्रा करनी पड़ती है जो कि काफी जोखिम भरा होता है। मांग पत्र में कहा गया है कि भोपाल-जोधपुर, भोपाल-ग्वालियर एवं साबरमती ट्रेन का सेमरखेड़ी स्टेशन पर स्टॉपेज किया जाये। जिससे लोगों को आने जाने में सुविधा मिल सके। मांग करने वालों में सीताराम ठाकुर, पप्पू पाल, संतोष साहू, सीताराम, सारिका, चांदनी, प्रवेश, अविनाश, राजाबाबू, रंजीत सहित कई ग्रामों के सरपंच शामिल हैं।


मनोरमा वार्ड


ग्वालटोली


पाठक वार्ड

# अथक पथ संग्रहालय में मनाई भगत सिंह की जयंती, दस्तावेजों का अवलोकन किया



**बीना जागरण।** मातृभूमि सेवा संस्था के तत्वाधान में रविवार को अथक पथ संग्रहालय में शहीद ए आज़म सरदार भगत सिंह की जयंती मनाई गई। जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय चिंतक रचना शर्मा समाजसेवी, श्रीमती ज्योति तिवारी, प्रोफेसर नरेंद्र झा एवं मातृभूमि सेवा संस्था के मार्गदर्शक अथक पथ संग्रहालय के संचालक राम शर्मा ने सरदार भगत सिंह के चित्र भारत माता की मूर्ति तथा इंकलाब का प्रतीक मशाल के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सरदार भगत सिंह से जुड़े बहुमूल्य दुर्लभ दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रितिका तिवारी ने भगत सिंह का प्रिय गीत मेरा रंग दे बसंती चोला गीत गाकर किया। इसी के साथ भारत की गायक लता मंगेशकर की जयंती मनाई गई। जिसके उपरांत उनके गाया हुआ गीत ऐ मेरे वतन के लोगों को सुनकर उनको याद किया गया। राम शर्मा ने सरदार भगत सिंह के जीवन चरित्र पर अनेकों संस्मरण सुनाए। नरेंद्र झा, अभिनव तिवारी, ज्योति तिवारी, सुषमा तिवारी ने भी भगत सिंह पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राष्ट्रीय चिंतक रचना शर्मा ने बताया 94 वर्ष व्यतीत हो जाने के बावजूद भी देश के लोगों में भगत सिंह जीवित हैं। भगत सिंह की लोकप्रियता उसे समय भी काम नहीं थी मोतीलाल नेहरू के एक वक्तव्य का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा और मोतीलाल नेहरू ने स्वाधीन भारत में लिखा है कि मैं जब भगत सिंह से पहली बार जेल में मिलने गया तो मुझे भगत सिंह से बातें करते हुए बहुत अच्छा लगा। उनसे बातें करते हुए मुझे ऐसा लग रहा था जैसे भगत सिंह मुझे भी बड़ा है और इससे बड़ा मुझे कोई भारत में दृष्टिगोचर नहीं होता। आज भगत सिंह के जीवन चरित्र से हम सबको प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम का आभार हरि शर्मा ने प्रकट किया। इस अवसर पर अभिनव तिवारी, हिमांशु नामदेव, रेनू अजमानी, रितिका तिवारी, रिया व्यास, राखी बाधवानी, अनमोल जैन, निधि, सुमन, रितिका पंथी, हरि शर्मा, खुशी चंदानी, सुषमा तिवारी, हरि शर्मा, प्रवीण शर्मा, यथार्थ ने भी देश के महान क्रांतिकारी शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की।

### कांग्रेस ने कार्यवाही के लिए सौंपा ज्ञापन

**जागरण राहतगढ़।** जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र मुहासा एवं सुरखी के कांग्रेसी नेता पं.नीरज शर्मा ने एसडीओपी राहतगढ़ एवं थाना प्रभारी जैसीनगर को कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि जैसीनगर ब्लाक के ग्राम करहद में बस स्टेण्ड पर संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित थी। जो विगत रात्रि में तोड़ दी गई है जो अत्यंत शर्म एवं दुख की बात है। संविधान के निर्माता की मूर्ति खंडित जिन लोगों द्वारा की गई है तत्काल जांच कर उन पर कार्यवाही की जाए। जिला ग्रामीण कांग्रेस ने मांग की है कि जिन लोगों नें यह शर्मनाक कार्य किया है उन पर तत्काल कार्यवाही करें नहीं तो प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लाक अध्यक्ष प्रभु मिश्रा, निरंजन मम्मा, श्रीसिंह घोषी, राजकिशोर दुबे, नसीम कुरैशी, फहीम कुरैशी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं।


लिंक रोड

### मां ज्वाला देवी के दरबार में चुनरी की अर्पित



**जागरण राहतगढ़।** ग्राम पंचायत पीपरा से शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर भक्तिभाव से भव्य के साथ माँ ज्वाला देवी जलंधर के लिये चुनरी यात्रा निकाली गई। यह पैदल यात्रा लगभग सात ग्रामों के मार्गों से निकलकर गुजरी और मां ज्वाला देवी मंदिर जलंधर पहुंची। जहां मां ज्वाला देवी को चुनरी चढ़ाई गई। जिसमें ग्राम के अनेक भक्त लोग उपस्थित हुए। साथ ही आसपास के अन्य ग्रामों से भी ग्रामवासियों ने भक्तिभाव से यात्रा में हिस्सा लिया। सभी ने मां ज्वाला देवी के दरबार में पहुंचकर चुनरी अर्पित के साथ प्रसाद चढ़ाया एवं खुशहाली की कामना की। यात्रा में ग्राम के सभी लोगों का सहयोग रहा।

## नगर परिषद ने चलाया मुक्तिधाम के पार्क में स्वच्छता अभियान

**जागरण राहतगढ़।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत मुक्तिधाम में बने पार्क में सफाई अभियान चलाया गया। शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी निर्मल सिंह राठौर के मार्गदर्शन में नगर परिषद राहतगढ़ के कर्मचारियों द्वारा वार्ड नंबर 3 मुक्तिधाम में बने पार्क की सफाई की गई। उपयंत्री एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी आकाश जैन ने बताया कि शासन द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कर्मचारियों द्वारा मुक्तिधाम में बने पार्क में सफाई हेतु श्रमदान कर स्वच्छता का सन्देश दिया गया। उक्त सफाई अभियान कि शुरुआत स्वच्छता शपथ से हुई। जिसके बाद कर्मचारियों के साथ मिलकर पूरे पार्क की सफाई की गई। स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील विश्वकर्मा ने कहा कि नगर में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत नियमित और विशेष सफाई के साथ बीमारियों की रोकथाम हेतु कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। उक्त सफाई अभियान में समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने दुर्गा पंडाल में किया मासिक ध्वज वंदन



**जागरण, सागर।** वर्षों से शहर के अलग अलग स्थानों पर माह के अंतिम रविवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम करता आ रहा है। सितंबर माह के इस अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल परिवार ने गौर मूर्ति के नजदीक, तीन बत्ती पर एकता काली कमेटी के दुर्गा पंडाल की छत्रछाया में संपन्न हुआ। संयोगवश मातृशक्ति का पर्व नवरात्रि,बेटी दिवस और अन्तिम रविवार एक साथ होने पर मुख्य अतिथि शिवांगी चौबे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव किरणलता सोनी मौजूद रहीं। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने आयोजन और संचालन द्वारका चौधरी द्वारा किया गया।

## एक पेड़ शहीद भगतसिंह के नाम



**बीना जागरण।** देश के महान क्रांतिकारी सरदार भगतसिंह के जयंती पर रविवार को झाँसी फाटक स्थित भगतसिंह पार्क में एक जामुन का पेड़ लगाया गया। नानक वार्ड पार्षद बीडी रजक ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक वर्ष देश के महान क्रांतिकारी सरदार भगतसिंह की जयंती पर एक पेड़ अमर शहीद भगतसिंह के नाम से लगाया जाता है। जिसके तहत उनकी जन्म जयंती पर उनकी स्मृति में एक जामुन का पेड़ भगतसिंह पार्क में लगाया गया।


भीम वार्ड


महावीर चौक

## न्यूज कार्नर

### पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूल प्रांगण में रोपे पौधे

**सिलवानी।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सिलवानी विकास खंड के ग्राम सियारमऊ में हाई सेकेंडरी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण पौधारोपण किया गया। जिसमें रायसेन जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जन-प्रतिनिधियों छात्र छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर दीपक रघुवंशी, पप्पू ठाकुर, राकेश खरे भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता, विक्रम शाह, भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम साहू, मनोहर रजक, बंसी लाल स्कूल शिक्षक शिक्षिकाओ सहित बड़ी संख्या ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

### सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाया



**सिलवानी।** शनिवार को नगर के दशहरा मैदान के लिए सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा सख्ती के साथ हटाया गया। नगर परिषद के द्वारा लगातार नगर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ताकि रहवासियों को सुविधा मिल सके। लेकिन कतिपय लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। नगर परिषद के द्वारा अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया। नगर परिषद के द्वारा नगर के वार्ड 02 टेकरी मंदिर के दशहरा मैदान पर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। यहां पर सड़क का निर्माण कार्य किया जाना है, लेकिन इस निर्माण कार्य में महेश कुमार नामक व्यक्ति के द्वारा सरकारी भूमि पर किया गया कब्जा बाधक बन रहा था। इस कब्जे को एसडीएम हर्षल चौधरी के निर्देशन में नगर परिषद के अमले द्वारा द्वारा सख्ती के साथ हटाया गया।

### माता के विभिन्न स्वरूपों की प्रतिमाओं के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, जयकारों से गूंज रहा शहर

# रायसेन में नवरात्रि का उल्लास, शहर में माता के विभिन्न स्वरूपों में सजीं 70 से अधिक झांकियां

**जागरण, रायसेन**

शारदीय नवरात्रि पर्व पर रायसेन शहर भक्ति और उत्साह से सराबोर है। शहर की गलियों और चौक-चौराहों पर सजाए गए पंडालों और झांकियों में माता के विविध रूपों की भव्य प्रतिमाएं विराजित हैं। इस वर्ष 70 से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा और उनके स्वरूपों की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जहां प्रतिदिन महाआरती, भजन संध्या, कन्या पूजन और गरबा जैसे धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। श्रद्धालुओं का उत्साह ऐसा कि बारिश की रुकावट भी आस्था की लहर को धीमा नहीं कर पा रही।





शीतल सिटी कॉलोनी परिसर में स्थापित मां जगदम्बा की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां सुप्रसिद्ध भजन गायक और हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल चौरसिया ने संगीतमय महाआरती कराई। भजनों की गूंज और सैकड़ों दीपों की रोशनी में वातावरण आलौकिक हो उठा। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने घरों से थाली सजाकर लाई थीं और सामूहिक रूप से माता की आरती में शामिल हुईं। आठ भुजाओं वाली मां लाल साड़ी धारण किए शेर पर सवार होकर भक्तों को दर्शन दे रही हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित अशोकनगर चौराहे पर नव शक्ति मित्र मंडल पिछले 35 वर्षों से परंपरागत रूप से नौ देवी की स्थापना करता आ रहा है। इस बार यहां विशेष रूप से दस शेरों पर सवार नौ देवियों की अनूठी प्रतिमा सजाई गई है। गोल्डन सिटी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 32 भुजाओं वाली मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सागर तिराहे पर 14 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसमें भगवान शंकर, माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय एक साथ विराजमान हैं। वार्ड नंबर 9 तालाब रोड पर मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा पिछले 30 वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। इस बार यहां शेर पर सवार अष्टभुजा वाली मां की 15 फीट ऊंची प्रतिमा भक्तों के आकर्षण का केंद्र है। महामाया चौक पर भी 54 वर्षों से प्रतिवर्ष मां की स्थापना की परंपरा निभाई जा रही है। प्रारंभिक वर्षों में सिंहवाहिनी माता की प्रतिमा स्थापित होती थी, लेकिन पिछले 17 वर्षों से शारदा माता की स्थापना की जा रही है। इसी प्रकार वन बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास माता काली महोत्सव समिति द्वारा लगातार 71 वर्षों से मां काली की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

#### महा आरती का क्रम जारी

इन झांकियों में महाआरती का क्रम निरंतर जारी है। रविवार को शीतल गार्डन में पीयूष मालवीय मंडली द्वारा महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रात होते ही शहर के विभिन्न हिस्सों में सजी झांकियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। रायसेन की नवरात्रि उत्सवमयी झलक न केवल धार्मिक आस्था का परिचायक है, बल्कि यह शहर की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकजुटता को भी उजागर करती है।

## संस्कार केन्द्रों के बच्चों के साथ मंत्री पटेल ने सुनी मन की बात



**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात का 126 वां एपिसोड में मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने उदयपुरा विधानसभा के खरगौन मण्डल के कामतौन बूथ नंबर 97 पर सेवा भारती के संस्कार केन्द्रो के बच्चों एवं बूथ अध्यक्ष साथ मन की बात सुनी। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सागर परिक्रमा करने वाली दो अफसरों की चर्चा के साथ छठ पूजा-दिवाली का जिक्र करते हुए संघ की 100 वीं शताब्दी की बात भी की त्योहारों में स्वदेशी खरीदने की अपील भी की। मन की बात कार्यक्रम के बाद मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने संबोधित करते हुए कहां प्रधानमंत्री की मन की बात में भारत की आत्मा की बात समाहित होती है। डबल इंजन की सरकार व्यापार को कैसे सरल बना सके उस दिशा में काम कर रही है। आज एक सप्ताह के अंदर फूड लाइसेंस बन रहे हैं। प्रधानमंत्री जी की दूर दृष्टि सोच के कारण ही संभव हो पा रहा है। और मंत्री पटेल ने सामाजिक समरसता पर अधिक जोर दिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, जिला महामंत्री नेपाल सिंह राजपूत, जिला मंत्री पवन रघुवंशी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला सह-मीडिया प्रभारी रोहित चौधरी, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक रघुवंशी, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत सहित क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सांची में गूंजा स्वच्छता का संदेश सम्राट स्पोर्ट्स क्लब ने दी मिसाल



**सांची।** नगर परिषद सांची द्वारा संचालित स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के अंतर्गत रविवार को नगर में स्वच्छता का विशेष आयोजन हुआ। सम्राट स्पोर्ट्स क्लब सांची के वॉलिंटियर्स ने श्रमदान कर, प्लॉग रन निकालकर एवं स्वच्छता की शपथ लेकर समाज को स्वच्छता का अमूल्य संदेश दिया। प्लॉग रन का शुभारंभ रामलीला मैदान से हुआ, जो जम्बूद्वीप पार्क के सामने से गुजरते हुए गवर्नमेंट हॉस्पिटल तक संपन्न हुआ। मार्ग में दौड़ते हुए वॉलिंटियर्स ने न केवल सड़क किनारे फैली गंदगी को समेटा बल्कि नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर परिषद सांची के अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार तथा सम्राट स्पोर्ट्स क्लब के युवा वॉलिंटियर्स अपनी ऊर्जा और उत्साह के साथ उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया किकृ स्वच्छ सांची ही स्वस्थ सांची है, और स्वच्छता ही सेवा का सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में गूंजते नारों, उत्साह से लबरेज कदमों और श्रमदान की अलख ने नगर में स्वच्छता का अद्भुत संदेश प्रसारित किया।

## पेड़ गिरने से तीन मकानों की दीवारें हुईं क्षतिग्रस्त

### पीड़ित परिवारों ने शासन प्रशासन से की मुआवजे की मांग

**जागरण, सलामतपुर**

सलामतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नरखेड़ा में शनिवार की रात करीब 10.30 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। गांव के बीच स्थित पुराना विशालकाय बहेड़ा का पेड़ अचानक नीचे से टूटकर तीन घरों पर जा गिरा।

अचानक गिरे पेड़ से जोरदार धमाका हुआ, जिससे घरों में बैठे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आवाज सुनते ही पास ही झांकी में मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे और घरों में फंसे परिवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस हादसे में एक व्यक्ति के पैर में तो दूसरे के हाथ में



चोट आई, वहीं एक भैंस भी घायल हो गई। गनीमत रही कि कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ, लेकिन तीनों घरों को काफी नुकसान पहुंचा है। प्रभावित घर मालिकों के नाम खुमान सिंह लोधी, विजय लोधी और रवि लोधी बताए गए हैं। सूचना देने के बाद भी कोई प्रशासनिक अमला मौके पर स्थिति का जायजा लेने नहीं पहुंचा। इससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

## नर्मदा नदी में तीन डूबे, एक को बचाया

### दीवानगंज के 3 युवकों में से 2 की तलाश जारी

**जागरण, सलामतपुर**

रायसेन जिले के दीवानगंज निवासी तीन युवक मोटरसाइकिल से रविवार सुबह बुधनी के नर्मदा घाट पर स्नान के दौरान तीन युवक गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों की मदद से एक युवक को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि दो अन्य युवक लापता हो गए।



पुलिस और गोताखोरों द्वारा लापता युवकों की तलाश जारी है। यह घटना तब हुई जब तीनों युवक सलकनपुर देवी धाम जा रहे थे और नर्मदा घाट पर स्नान करने रुके थे। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया। लगातार बारिश के बावजूद लापता युवकों की खोजबीन जारी है। पुलिस के अनुसार, लापता युवकों की पहचान 25 वर्षीय नीलेश साहू और योगेश साहू के रूप में हुई है, जो दीवानगंज, जिला रायसेन के निवासी हैं। बचाए गए युवक का नाम 25 वर्षीय तोरण यादव है। बुधनी थाना प्रभारी चैन सिंह रघुवंशी ने बताया कि नीलेश और योगेश की तलाश जारी है। एसडीआरएफ टीम को भी घटना की सूचना दे दी गई है और स्थानीय सहयोग से बचाव अभियान लगातार चलाया जा रहा है। तीनों युवक बाइक से दीवानगंज से सलकनपुर मां विजासन देवी के दर्शन करने जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

## न्यूज कार्नर

### पुलिस विभाग ने कराई मैराथन दौड़

**जागरण अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 23 सितंबर से दो अक्टूबर तक महिलाओं एवं बालिकाओं के विरूद्ध हो रहे अपराधों एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम तथा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेषकर पुरूषों को जागरूक करने हेतु विशेष जागरुकता अभियान अभिमन्यु 0.3 संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस विभाग द्वारा रविवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ विमानों के चबूतरा से प्रारम्भ होकर शशीन्द्र राणा चौराहा पछाडीखेडा रोड, फुट ओवर ब्रिज, गांधी पार्क, स्टेशन रोड़, तुलसी पार्क होते हुए रेलवे स्टेशन के पास मैराथन दौड़ का समापन कर शपथ दिलाई गई।

### लायंस हेल्पिंग हैंड ने की मासिक बैठक




**जागरण अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड ने निजी होटल में की अपनी मासिक बैठक जिसकी अध्यक्षता की लायन सुनीता जैन जी ने। कार्यक्रम की संयोजक रही लायन रीना यादव जी। कार्यक्रम ने आने वाले सेवा सप्ताह के बारे में चर्चा हुई। 8 दिवसीय कार्यक्रम में प्रांत द्वारा प्रेषित कार्यक्रम में कैंसर अवेयरनेस, फूड फिर हंगर, पशु पक्षी दिवस और अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे जो आगामी 4 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चलेंगे। जिनका संयोजन क्लब से डायरेक्टर पी एम जे एफलायन वैशाली सलूजा, लायन कविता साहू, सचिव लीं रानी अहिरवार, कोषाध्यक्ष लायन ज्ञानेश्वरी सक्सेना, रीना मनोज शर्मा, फिरोज सुल्ताना, प्रियंका मेहता, मिथलेश यादव, चंद्रेश यादव,किरण कुशवाह आदि द्वारा किया जायेगा। बैठक में क्लब सदस्यों द्वारा गेम्स भी खेले गए और अन्य कार्यक्रम जिनका आयोजन करना है उसकी चर्चा की गई।

# त्यौहारों पर बाजार में प्रवेश नहीं कर पाएंगे बड़े वाहन

### यातायात पुलिस ने पांच प्रमुख मार्गो को बनाया नो व्हीकल जोन

**जागरण अशोकनगर।**

नवदुर्गा और दशहरा त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए शहर में यातायात के सुगम संचालन यातायात पुलिस ने शहर के पांच प्रमुख मार्गों को नो व्हीकल जोन घोषित किया है। इस कारण सप्तमी से दशहरा तक इन स्थानों पर दो पहिया वाहनों को छोड़कर शेष अन्य माल वाहक ट्रेक्टर-ट्राली,मेटाडोर ट्रक आदि का प्रवेश इन मार्गों पर प्रतिबंधित रहेगें।

इन स्थानों पर आमजन के आवागम की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दो पहिया वाहन के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के वाहन जैसे चार पहिया, तीन पहिया ट्रेक्टर, लोडिंग आदि वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित



रहेगा। एचडीएफसी तिराहा से मिलन तिराहा रोड पर दो पहिया एवं निजी कार के अतिरिक्त अन्य सभी वाहनों जैसे ट्रेक्टर ट्राली, मालवाहक लोडिंग सहित अन्य मालवाहकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सभी वाहन चालक अपने वाहनों को यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित किए गए पार्किंग स्थानों में ही अपने वाहनों को पार्क कर पैदल ही बाजार में प्रवेश कर पाएगें।

**पुलिस ने छह स्थानों पर बनाई अस्थाई पार्किंग:**

यातायात पुलिस ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में ट्रेक्टर-ट्राली, लोडिंग एवं अन्य माल वाहकों के लिए कुल छह पार्किंग स्थल निश्चित किए हैं। इनमें पुरानी मंडी परिसर में पार्किंग नबंर एक बनाया गया है। इसी दो पहिया एवं कार के लिए मिलन तिराहा पेट्रोल पम्प के पास पार्किंग नंबर 2 बनाया गया है। दो पहिया वाहनों के लिए पुराना न्यायालय परिसर में तीन नंबर पार्किंग बनाई गई है। पुराना बाजार की ओर से आने वाले दो पहिया वाहन चालक आपने वाहनों को पुराना न्यायालय परिसर में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें। गांधी पार्क रेल्वे स्टेशन रोड़ के दो पहिया वाहन चालक आपने वाहनों को पुराना रेस्ट हाउस परिसर पार्किंग नम्बर 04 में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें। इन्द्रिरा पार्क से आने वाले वाहन चालक बिलाला मिल रोड़ होते हुए आपने वाहनों को रामलीला मंच के पास सुभाषगंज पार्किंग नम्बर 05 में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें। गौशाला रोड पर वर्धमान स्कूल के सामने खाली जगह में पार्किंग नंबर 6 बनाई गई है। इन्द्रा पार्क से आने वाले वाहन चालक आपने वाहनों को इस पार्किंग में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें।

## महाविद्यालय में किया श्रमदान, कैडेट्स ने ली स्वच्छता की शपथ

**जागरण अशोकनगर।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के कैडेट्स द्वारा आज महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के प्रांगण एवं उद्यान की साफ-सफाई की। स्वच्छता की इस पावन मूहीम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य, 35 एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल विजय वीर सिंह दहिया के मार्गदर्शन में की गई। इस विशेष श्रमदान कार्यक्रम में कैडेट्स द्वारा समस्त पार्क का भ्रमण करके बारिश की वजह से जमा हुए खरपतवार, कचरा एवं पॉलिथीन इत्यादि को इकट्ठा किया, समस्त रोड पर झाड़ू लगाई।

# रजवाड़ी रास गरबा का भव्य समापन

### तीन चले गरबा महोत्सव में बांटे गए 51 पुरस्कार



**जागरण अशोकनगर।**

रजवाड़ी रास गरबा महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शनिवार की रात में भव्य समापन हो गया।

25 से 27 सितंबर तक चले इस गरबा महोत्सव में अनेक तीनों दिन 15 कैटेगरीज में अवॉर्ड दिए गए जिसमें 5 किड्स की कैटेगरी के, 5 सिंगल्स की कैटेगरी में, 3 कपल्स की कैटेगरी और 2 लेडीज वर्ग में पुरस्कार दिए गए। इनके अलावा 2 ओपन गरबा के लिए पुरस्कार तीनों दिन दिए गए। इस तरह से कुल 51 पुरस्कार दिए गए। किड्स की कैटिगरी में आयुष, आराध्या सलूजा, मानवी खुराना, कियाना जैन एवं मिष्टी सुमन को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी तरह सिंगल्स का प्रथम पुरस्कार चहल सुनहरे व द्वितीय पुरस्कार मोहिनी दुबे एवं तृतीय पुरस्कार पूनम लोधी को दिया गया। ओपन गरबा में जिन दर्शकों ने इनाम जीते उनमें थे दीपेश जैन, शुभम जैन, मंजू गुप्ता, दमयंती सैनी आदि हैं। कपल्स कैटेगरी, बेस्ट रील और बेस्ट पोस्ट, बंपर पुरस्कार आदि के लिए भी पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम मधुवन गार्डन किया गया।

### दिव्यांगजनों को बांटे जीवन सहायक उपकरण

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान अन्तर्गत रविवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों को जीवन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आठ दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर एवं बैसाखी तथा 22 वरिष्ठजनों को श्रवणयंत्र, नीकेप स्टिक आदि वितरित किये गये। उक्त कार्यक्रम में राजेन्द्र प्रजापति उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग, रंजीत लोधी, रामवीर सिंह धाकड़ दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र उपस्थित थे।

## रामलीला: माता शबरी के झूठे बेर प्रभु राम ने खाये, हुआ बाली का वध

**जागरण अशाकनगर।**

श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला स्थानीय रामलीला मंच सुभाष गंज में चल रही है। सर्वप्रथम भगवान श्रीगणेश जी की व रामायण जी की आरती इसके बाद राम जी की आरती की गई। आरती के पश्चात लीला प्रारंभ हुई जिसमें सबसे पहले भगवान राम सीता की खोज करते हुए मतंग ऋषि के आश्रम पहुंचते हैं। यहां राम जी ने शबरी के जूठे बेर खाकर शबरी को नवधा भक्ति बतलाई फिर शबरी ने राम जी को पंपापुर में सुग्रीव के पास जाने की सलाह दी है। राम जी जैसे ही पंपापुर में आए सुग्रीव ने उन्हें दूर से देखा और हनुमान को उनके पास भेजा। हनुमान जी ने अपने प्रभु को पहचाना और राम हनुमान मिलन का बहुत ही सुंदर मंचन किया गया फिर हनुमान जी राम और लक्ष्मण को अपने कंधे पर बिठाकर सुग्रीव के पास ले गए जहां हनुमान जी ने राम जी और सुग्रीव की मित्रता कराई सुग्रीव जी ने अपने भाई बाली द्वारा उनको देश से निकालने की कथा सुनाइ जिसे सुनकर राम जी ने बाली का वध कर दिया और सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बना दिया। इसके बाद वानर-भालू सीता जी की खोज में चारों ओर चले गए बंदरों की सीता जी की खोज के प्रस्थान के साथ ही लीला को विराम दिया गया। रामलीला को देखने के लिए देर रात तक सुभाषगंज में रामलीला मंच के सामने बैठे रहे और लीला का लुत्फ उठाया।

## सामूहिक दुष्कर्म करने वाले तीनों आरोपियों को भेजा जेल

**जागरण अशोकनगर।**

नईसंराय थाना क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्षीय मूक बधिर मानसिक दिव्यांग नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों को जिला जेल भेज दिया गया है।



आरोपीगण भगवत कुशवाह पुत्र परमानंद कुशवाह, अजय उर्फ संजू कुशवाह पुत्र दमोदर कुशवाह एवं जगदीश उर्फ चऊआ पुत्र मुन्नालाल कुशवाह निवासी ग्राम किरोंदा के द्वारा अपहरण कर मक्के के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म कर पीड़िता को नग्न अवस्था में खेत में छोकर भाग गये थे। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के द्वारा तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी नईसरायं पुनीत दीक्षित द्वारा घटना के 24 घंटे के अंदर घटना के तीनों आरोपियों को रांठ से गिरफ्तार कर आरोपीगणों से अपराध सदर में प्रयुक्त मोटर साईकिल को जप्त कर आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय से जेल वारण्ट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया है। आरोपियों व उसके परिजनों द्वारा ग्राम किरोंदा में अतिक्रमण की सूचना भी प्राप्त हो रही है। जिसकी जानकारी निकाल कर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उपर्युक्त कार्यवाही सउनि विद्याराम कुशवाह, अपेक्षित रघुवंशी, मेखलाल प्रआर अशोक सिंह रघुवंशी, जितेन्द्र उरैया, राजेश धाकड़, रघुवंशी, बृजेश रघुवंशी, आरक्षक अनिल धाकड़, सत्यवीर राय, दिलीप यादव, अमित जाट, युवराज, हरिसिंह लोधी और महिला आरक्षक आरती कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही।

# जागरण विदिशा

विदिशा, 29 सितम्बर, 2025 शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर www.dainikjagranmpcg.com


## स्कूल के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

**जागरण, इटारसी।** पीएम श्री कन्या विद्यालय सूरजगंज में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण विधायक डॉ सीताशरण शर्मा द्वारा किया गया। कक्ष की लागत 16.30 लाख की स्वीकृति मिली थी। इस दौरान शाला की हॉकी एवं फुटबाल खिलाड़ी को खेल किट का वितरण किया गया। दूरदराज के गांवों की छात्राओं को विधायक द्वारा साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जसबीर सिंह छाबड़ा, पूर्व प्राचार्य अखिलेश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज कार्नर

### गुलाबगंज हिउस के अध्यक्ष बने पीयूष



**गुलाबगंज।** सिद्ध श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर पर सनातन हिंदू उत्सव समिति गुलाबगंज की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संस्थापक सदस्य 8 रखे गए। वहीं सनातन हिंदू उत्सव समिति का सबकी सहमति से पीयूष शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। संस्थापक सदस्यों में संजू शर्मा, अनूप राय, सचिन यादव, सोनू खत्री, अंकुर दांगी, मोनू टंडन, ओमप्रकाश घावरी, राजा सेठ इनको रखा गया है। सचिव अभिषेक रघुवंशी, महामंत्री मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष अभिषेक दांगी, अंकित बघेल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। अभी कार्यकारिणी का और भी गठन होना है जो कि संभवत दशहरा के बाद होगा।

### शारदा मैया को चढ़ाई 251 मीटर चुनरी

**गुलाबगंज।** रविवार के दिन शारदा माता को 251 मीटर चुनरी भेंट चढ़ाई गई। साथ ही मंदिर समिति एवं नूरपुर धाम से मंडलेश्वर बालक दास द्वारा अप्रैल में होने जा रहे यज्ञ के लिए झंडा भी शारदा माता मंदिर परिसर में स्थापित किया गया। समिति द्वारा सिद्ध श्री हनुमान मंदिर रेलवे स्टेशन से चुनरी व झंडा यात्रा प्रारंभ कर मुख्य बाजार मार्ग से राम मंदिर, बरीघाट चौराहे से तहसील मार्ग होते हुए शारदा माता मंदिर पहुंची। जहां पर माता को चुनरी व परिसर में पंडितों द्वारा पूजन कर यज्ञ के लिए झंडा गाड़ा गया।

### सीएम से मिले घुमंतू कार्य के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता

**विदिशा।** जिले के समस्त घुमंतू जातियों की समस्याओं के संदर्भ में शनिवार को कुरवाई कार्यक्रम में पधारे मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात हुई। इसके दौरान विदिशा जिले से आए घुमंतू समुदायों की समस्याओं के ज्ञापन एवं आवेदन मुख्यमंत्री को सौंपे एवं आवेदन संबंधित समस्याओं पर वार्तालाप हुआ एवं जल्द ही उन आवेदनों पर कार्रवाई करने के लिए आग्रह किया मुख्यमंत्री की तरफ से सकारात्मक जवाब मिला। ज्ञापन सौंपने वालों में मध्य भारत प्रांत टोली सदस्य एवं प्रांत रोजगार कार्य प्रमुख संदीप उदयवाल, विमुक्त घुमंतु अर्ध घुमंतु समाज विदिशा जिला संयोजक सुरेन्द्र कुशवाह, बासौदा संयोजक केशव कोल, अरविंद नाथ, बाबूलाल धाकड़, प्रदीप कलावत, महाराजसिंह लोहपीटा, गजराज बंजारा, भूपेंद्र बंजारा आदि उपस्थित रहे।

## प्रशासनिक कसावट में कमी और जिम्मेदारों की अनदेखी से बिगड़ रहे हालात

# हंगामें भरा रहा रविवार

# इधर डॉग की मौत से उपजा आक्रोश, यहां मेडिकल कॉलेज में बच्चे के उपचार पर हंगामा



जागरण विदिशा। उदयनगर कॉलोनी में हुए विवाद को लेकर थाने में किया प्रदर्शन।

जागरण विदिशा

शहर में प्रशासनिक कसावट में कमी व जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते समस्याएं गहराने लगी है। समय रहते लोगों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं होने से विवाद हंगामा का रूप लेने लगे हैं। रविवार को ऐसे ही दो मामले सामने आए जब शहर की उदयनगर कॉलोनी में जहां एक डॉग की मौत के कारण काफी समय तक हंगामा की स्थिति बनी रही तो वहीं मेडिकल कॉलेज में एक बच्चे के उपचार को लेकर परिजनों ने हंगामा किया।

मिली जानकारी के अनुसार उदयनगर कॉलोनी निवासरत एक अहिरवार परिवार में पालतू बीमार कुत्ता जिसका नाम टफी था उसकी शनिवार की शाम मौत हो गई। यह टफी के पालकों का कहना है कि टफी एक सदस्य के रूप में करीब 13 वर्ष से उनके साथ था। उसकी मौत से क्षुब्ध पालकों ने उसकी मौत के लिए डीजे के शोर-शराबे को जिम्मेदार माना। परिजनों का कहना है कि वे डीजे की आवाज को कम करने के लिए कई बार निवेदन कर चुके थे, पर वे नहीं मानें रविवार की सुबह जब कुत्ते की अंतिम यात्रा की तैयारी हुई तो उस दौरान दूसरे पक्ष से विवाद की स्थिति बनी और मामले ने हंगामे का रूप ले लिया। बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और मामला एफआईआर की मांग को लेकर सिविल लाइन थाने जा पहुंचा, जहां काफी देर तक नारेबाजी होती रही।

### डॉग 'टफी' की मौत की सूचना पर बैंगलुरु से आया एक सदस्य

टफी के पालकों का कहना था कि टफी की शनिवार की शाम 6 बजे डीजे की तेज आवाज में हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। वह पिछले 4 महीने से बीमार चल रहा था, उसे जीभ का कैंसर था, चार कीमो लग चुके थे। यहां दुर्गा उत्सव समिति से डीजे धीमी आवाज में चलाने को बोलते रहे, लेकिन वह नहीं माने। जिसके चलते कुत्ता टफी की मौत हो गई। हमने उसे बड़े फ्रीजर में रखकर अपने बेटे हेमंत के आने का इंतजार किया। सुबह बेंगलौर से हेमंत 36 घंटे कार चलाकर विदिशा आया। इसके बाद कुत्ते के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान विवाद की स्थिति बनी और हमारे साथ मारपीट शुरू कर दी गई। हमें कुत्ते का अंतिम संस्कार करने से रोका गया। इस परिवार का कहना है कि अपनी समस्या की लिखित शिकायत पुलिस से पहले भी थी, लेकिन सुधार नहीं हुआ। इधर, दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने अहिरवार परिवार के परिजनों पर डीजे को नुकसान पहुंचाने और मारपीट करने आरोप लगाए और समिति सदस्य भी बड़ी संख्या में थाने में मौजूद रहे। पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

वहीं इस मामले में श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी का कहना है कि विवाद की सूचना पर वह पहुंचे थे जिसमें एक पक्ष को डीजे बजाने पर आपत्ति थी वहीं समिति सदस्यों को भी आपत्ति थी कि डीजे में तोड़फोड़ की एवं मारपीट की गई।

इधर सिविल लाइन टीआई आरके मिश्रा के मुताबिक उदयनगर में हेमंत अहिरवार रहते हैं कुत्ते मौत पर वह मातम मनाना चाह रहे थे तेज डीजे बज रहा था इसकी आवाज कम करने की बात पर कहा सुनी हो गई। इस संबंध में दोनों पक्षों को सुना जा रहा है इसके बाद कार्यवाही की जाएगी।

### बच्चे की आंखों की रोशनी जाने पर बिलखते रहे परिजन



### परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाए आरोप

वहीं रविवार को मेडिकल कॉलेज में हंगामा की स्थिति बनी। यहां इलाज से नाखुश एक परिवार के सदस्यों का आरोप था कि बच्चे को सर्दी-जुकाम के इलाज के लिए लाए थे, लेकिन बच्चे की आंखें चली गई। इस बात को लेकर परिजन अपनी नाराजी जताते रहे। उनका कहना है कि 4 साल के बच्चे को सर्दी जुकाम को लेकर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। डॉक्टर ने उसे वेंटिलेटर पर रखा इलाज के दौरान बच्चे को सुई लगाई। उसके बाद से बच्चे को दिखना बंद हो गया। डॉक्टर से बार-बार बोला जाता रहा कि बच्चा देख नहीं पा रहा है और डॉक्टर बोलते रहे कि बच्चा देख रहा है। बच्चे को अभी भी मेडिकल कॉलेज में रखने का डॉक्टर दबाव बना रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर बोल रहे हैं जाना है तो जाओ पर छुट्टी का पर्चा नहीं देंगे। इतना ही नहीं वहां मौजूद गार्डों पर भी परिजनों ने मारपीट करने के आरोप लगाए। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के गेट पर परिजन प्रदर्शन करते रहे सूचना पर कोतवाली टीआई आनंद राज एवं तहसीलदार मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया। टीआई आनंद राज के मुताबिकबीना क्षेत्र निवासी एक बच्चा श्रेयांश अहिरवार पिता रतन अहिरवार का यहां इलाज चल रहा है। इस संबंध में कॉलेज के डीन से चर्चा हुई है जिसमें उन्होंने बच्चे में सिंड्रोम की बीमारी होना बताया है। उनका कहना है कि यह लंबा चलने वाला इलाज है। यहां कि इलाज से संतुष्ट न होने पर जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं मारपीट संबंधी आरोप के संबंध में डीन का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं तहसीलदार का कहना है कि डॉक्टरों एवं परिवार वालों से चर्चा की गई है। बच्चे को एम्स हॉस्पिटल भेज रहे हैं।

## अधिक मूल्य पर बेची शराब तो लगाया 2 लाख से अधिक का जुर्माना

**जागरण विदिशा।** शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक मूल्य पर मदिरा बिक्री किए जाने कि शिकायातें सीएम हेल्पलाइन व अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर इनका परीक्षण कराने के लिए पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता द्वारा मदिरा दुकानों पर टेस्ट परचेस की कार्यवाही कराई गई तदोपरान्त कड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में संपादित कार्रवाई की जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक ने बताया कि विदिशा जिले में दीपनाखेड़ा वाईन शॉप तथा पिकलोन स्थित पीपलखेड़ा वाईन शॉप पर निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर मदिरा बिक्री पाई गई। इस पर दोनों दुकानों पर एक-एक दिन की लायसेंस निलंबन की कार्यवाही करते हुए क्रमशः 1 लाख 74 हजार 266 और 48 हजार 501 का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया। दोनों दुकानों पर कुल 2 लाख 22 हजार 767 का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त दीपनाखेडा वाईन शॉप के प्रबंधक द्वारा दुकान मासिक सत्यापन प्रपत्र समय पर प्रस्तुत न करने पर 5 हजार रुपए का भी दंड लगाया गया है।

### विवरण लाने के निर्देश

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में अगस्त एवं सितंबर में जिन विभागों की समीक्षा बैठकें आयोजित की गई थी। उन सभी विभागों के अधिकारियों को बैठकों की कार्यवाही विवरण टीएल बैठक में लेकर आने के निर्देश संयुक्त कलेक्टर व टीएल बैठक की जिला नोडल अधिकारी मोहिनी शर्मा द्वारा जारी किए गए हैं। संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि कलेक्टर द्वारा ली गई समीक्षा बैठकों के कार्यवाही विवरण जिला कार्यालय में प्राप्त नहीं हुए हैं। इस संबंध में सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे सोमवार को आयोजित होने वाली टीएल बैठक में कार्यवाही विवरण को साथ लेकर आएं और उन्हें स्टेनो शाखा में उपलब्ध कराएं।

## क्रिकेट का शुभारंभ, ऐसी प्रतियोगिताओं से प्रतिभाओं को अवसर मिलते हैं: ओमप्रकाश



**जागरण गुलाबगंज।** रविवार को मंडी प्रांगण में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी, जनपद सदस्य सचिन यादव एवं सनातन हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष पीयूष शर्मा के द्वारा किया गया। इस दौरान ओमप्रकाश घावरी ने कहा कि इस प्रकार के खेलों का ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने में बेहतर अवसर मिल पाते हैं।

अधिकांश गांवों में खेल की सुविधाएं नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में मौका नहीं मिल पाता है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में प्रेरित करने के खेल प्रतियोगिता होती रहनी चाहिए। वहीं सचिन यादव ने कहा कि आज के समय में युवा मोबाइल की लत का शिकार होने से खेलों से पिछड़ रहा है। मोबाइल की लत का शिकार होने से युवा अपराध की ओर अग्रसर हो रहा हैए जिससे उनके भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। युवाओं को खेलों के प्रति अग्रसर रहना चाहिए। पीयूष शर्मा ने भी सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी खेल में आगे बढ़ने के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। पहले दिन चार मैच खेले गए युवाओं में मैच के प्रति काफी उत्साह देखा गया इस दौरान चंद्रभान अहिरवार, मधुर पथरोल, आकाश, अमित कुशवाह एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मनरेगा योजना में मंडल अध्यक्ष कर रहे फर्जी मजदूरी!

### एनएमएमएस ऐप पर हुई फोटो अपलोड

जागरण नटेरन

जनपद पंचायत की 84 पंचायत में अधिकतर मनरेगा योजना में भारी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। मजदूरों की जगह पर मोबाइल के फोटो का उपयोग कर एनएमएमएस ऐप पर उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है।

इस सब फर्जी बाड़े में मनरेगा योजना में जनपद पंचायत के मनरेगा अधिकारी और कर्मचारियों की संलपिता के कारण ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक फर्जी फोटो का उपयोग कर एनएमएमएस ऐप पर रोजगार गारंटी योजना को चूना लगा रहे हैं। ग्राम पंचायत रामपुर कला में मनरेगा योजना अंतर्गत स्टॉप डेम कम पुलिया के वर्क कोड क्रमांक 172700 5055 डब्ल्यूसी 22012 03525 54 65 मास्टर क्रमांक 18330 दिन 27/9/25 को 10 मजदूरों की एनएमएमएस ऐप पर उपस्थिति दर्ज की गई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ग्राम पंचायत गुरोद के निवासी संग्राम सिंह रघुवंशी के साथ 10 लोगों को मजदूर बताकर उपस्थिति दर्ज कराई गई। मनरेगा योजना में जिस काम की मंजूरी मिलती है उसी स्थान पर एनएमएमएस पेपर इस लोकेशन पर खड़े होकर मजदूरों की फोटो खींची जाती है और उसको अपलोड किया जाता है। मगर नटेरन जनपद पंचायत में रोजगार गारंटी को भारी चूना लगाया जा रहा है। नटेरन जनपद पंचायत की कई पंचायत में मृत व्यक्तियों ने मरने के 21 दिन बाद तक काम किया और अंधे लोग भी काम कर गए।



### इनका कहना है

मेरे द्वारा ग्राम पंचायत रामपुर कला में रोजगार गारंटी में कोई मजदूरी नहीं की गई है।

**संग्राम सिंह रघुवंशी**
**भाजपा मंडल अध्यक्ष**

ऐसे मजदूरी नहीं डालते यदि दूसरे फोटो का गलत उपयोग किया गया है तो इसकी जांच कराएंगे।

**गगन वाजपेयी**
**जनपद सीईओ**

# भोपाल विजेता तो विदिशा की टीम बनी उपविजेता

### साकेत स्कूल में हुआ संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

जागरण विदिशा

साकेत एमजीएम स्कूल में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग के अंडर.14, अंडर.17 और अंडर.19 तीनों वर्गों में विजेता बनने का गौरव हासिल किया। विदिशा ने दमदार खेल दिखाते हुए सभी वर्गों में उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

अंडर.14 वर्ग में रोमांचक मुकाबले खेले गए। राजगढ़ ने रायसेन को 18.2 से हराया, जबकि विदिशा ने सीहोर को 46.16 से पराजित किया। भोपाल ने राजगढ़ को 20.0 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक मुकाबले में भोपाल और विदिशा आमने-सामने हुए जहां कड़े संघर्ष के बाद भोपाल ने खिताब जीत लिया। विदिशा के खिलाड़ियों का खेल दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। अंडर.17 वर्ग में सीहोर ने रायसेन को 25.14 से हराकर बढ़त बनाई। विदिशा ने राजगढ़ को 55.33 से मात दी। वहीं भोपाल ने रायसेन को 54.6 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में भोपाल ने 28.18 से विदिशा को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। अंडर.19 वर्ग का मुकाबला भी उतना ही रोमांचक रहा। भोपाल ने सीहोर को 26.0 से हराकर जीत दर्ज की, जबकि विदिशा ने राजगढ़ पर 41.19 से जीत हासिल की।

फाइनल में विदिशा ने शुरुआत में बढ़त बनाई, लेकिन आखिरी क्षणों में भोपाल ने वापसी करते हुए जीत दर्ज की। इस अवसर पर जिला बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष योगेश मालवीय, सचिव आशीष मोदी, प्रतियोगिता नोडल अधिकारी प्रशांत रघुवंशी, साकेत एमजीएम प्राचार्य आशीष करतारिया, कृष्ण कुमार शर्मा, देशराज रघुवंशी, संभू रैकवार, अमित शर्मा जय भलावी और पंकज भार्गव उपस्थित रहे।



# सेंटमैरी कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन सीनियर्स ने जूनियर्स का किया वेलकम




जागरण विदिशा

सेंट मैरी कॉलेज के मैनेजमेंट डिपार्टमेंट द्वारा फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बीबीए सेकंड ईयर एवं थर्ड ईयर के बच्चों ने मिलकर बीबीए फर्स्ट ईयर के बच्चों को फ्रेशर्स पार्टी दी। सीनियर्स द्वारा जूनियर का वेलकम किया गया। बच्चों ने शानदार रंगारंग प्रस्तुति दीं।

कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर्स अमन दांगी एवं फ्रेशर्स नंदिनी दांगी को फादर शिंटो के द्वारा चुना गया। फादर शिंटो ने कहा कि है यह प्रोग्राम एक शिष्टाचार है इसमें सीनियर जूनियर का वेलकम करते हैं फिर यह जूनियर जब सीनियर बनते हैं तो अपने जूनियर का वेलकम करते हैं जिससे इन सभी में आपस में एक रिश्ता बन जाता है जो भविष्य में काम आता है।

विभाग अध्यक्ष डॉ गिरीश सुर्जन ने बच्चों से कहा कि न केवल हमें प्रोग्राम पर फोकस करना है बल्कि अपने एकेडमिक पर भी ध्यान देना है आपको अपनी शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन अपने शिखर पर पहुंचना है कार्यक्रम में डॉ. रामानंद मिश्रा प्रशांत सेन, विशाखा अग्रवाल, प्रो. अरविंद द्विवेदी, प्रो. मनीष शाह, अनिल द्विवेदी सहित बीबीए डिपार्टमेंट के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने किया स्वेता सोनी को सम्मानित



**जागरण विदिशा।** कुरवाई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यवेक्षक परीक्षा में प्रदेश में ओबीसी कैटेगिरी में टॉप पर आने वाली स्वेता सोनी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिलाधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि कर्मचारी चयन मंडल द्वारा मार्च माह में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परीक्षा परीणाम जून माह में आया था। जिसमें केंद्र क्रमांक मुखर्जीनगर 1 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वेता सोनी पत्नी अनिल सोनी ने ओबीसी कैटेगिरी में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया था।

## सेवा पखवाड़ाः 188 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, विधायक व कलेक्टर भी रहे शामिल

# शहर में हुई 30 किमी की साइक्लोथन प्रतियोगिता

जागरण विदिशा

जिले में सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियान के तहत पहली बार साइक्लोथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार सुबह आरटीओ ऑफिस से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में कुल 188 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल थे। 168 प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक 30 किलोमीटर का ट्रैक पूरा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन और कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ओ पी सनोडिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। विधायक, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने स्वयं साइकिल रेस में हिस्सा लेकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया था। 30 किलोमीटर की मुख्य रेस आरटीओ ऑफिस से शुरू होकर बेतवा नदी, उदयगिरि और बैरसिया रोड होते हुए हनुमान मंदिर वनखेड़ी तक जाकर वापस लौटी। 15 किलोमीटर की रेस पुलिस चौकी हेलियाडोरस से यू.टर्न लेकर समाप्त हुईए जबकि 10 किलोमीटर की रेस आधे रास्ते से यू.टर्न लेकर पूरी की गई। इस दौरान प्रतिभागियों को नशामुक्त भारत बनाने की शपथ भी दिलाई गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि समाज को नशे से दूर रखने और फिटनेस को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का एक महत्वपूर्ण संदेश है।



प्रतियोगिता के विजेताओं को एसबीआई बैंक की ओर से नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पुरुष वर्ग में नरेंद्र वर्मा और महिला वर्ग में उर्मिला किरार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रत्येक को 10 हजार रुपए दिए गए। जूनियर वर्ग में रिद्धु रांगी और सीनियर वर्ग में राकेश शर्मा प्रथम रहेए जिन्हें 5 हजार रुपए प्रत्येक प्रदान किए गए। द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को भी क्रमशः 5,हजार, 3 हजार और 2 हजार की राशि दी गई। विशेष रूप से 30 किलोमीटर की रेस पूरी करने वाले सभी प्रतिभागियों को 500 रुपए का गिफ्ट वाउचर भी प्रदान किया गया। 75 साल के सीनियर सिटीजन राकेश शर्मा ने भी इस रेस में हिस्सा लिया और इसे पूरा किया। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने और स्वस्थ रहने के लिए साइक्लिंग करने का आग्रह किया।


अंतिम अरदास



श्री वाहेगुरू जी का ख्वालसा श्री वाहेगुरू जी की फतेह

श्री राजकुमार अरोरा

बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है की स्व. श्री मुंशीलाल जी अरोरा जी के सुपुत्र
श्री राजकुमार अरोरा अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर गुरू चरणों में जा विराजे हैं।
उनकी आत्मिक शांति के लिए दिनांक 29.09.2025 दिन सोमवार को
श्री अखंड पाठ साहिब समाप्ति दोपहर 2 बजे, शबद कीर्तन उपरांत
अंतिम अरदास, श्री गुरुद्वारा साहिब, विदिशा (म.प्र.)
में रखी गई है।

शोकाकुल :- देवना अरोरा (पत्नी), रूचिरा-प्रतीक कोहली (पुत्री-दामाद)
उत्कर्ष अरोरा (पौत्र)
एवं समस्त अरोरा परिवार, वात्सल्य परिवार, विदिशा